Regional Centre for Urban & Environmental Studies, Lucknow
(Ministry of Housing and Urban Affairs, Government of India)
क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ
(आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार)

Er. A.K. Gupta
Additional Director
ई.ए. के. गुप्ता
अपर निदेशक
B.Tech (Civil), M.P. (Transport Planning)
P.G.C.P.M., F.I.E., F.I.T.P., F.I.W.W.A.,
F.I.W.E., M.C.I.T.

No : URC/ 1270 / 24/2022-23
Date: 06 / 10 /2022

सेवा में,

मुख्य अधिशासी अधिकारी (CEO)
कंटोनमेंट बोर्ड लखनऊ
31–नैहरू रोड, लखनऊ छावनी
जिला–लखनऊ, उत्तर प्रदेश
पिनकोड – 226002।

विषयः– **"Managing Urban Transport Systems in Cities" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनॉक 19 अक्टूबर, 2022 को किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत होना चाहें कि क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र (RCUES) लखनऊ द्वारा दिनॉक **19/अक्टूबर/2022** को **"Managing Urban Transport Systems Cities"** विषय पर **प्रातः 10:00 बजे** से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जैसा कि आप अवगत हैं कि भारतीय शहर परिवहन और यातायात संबंधी कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जैसे कि प्रदूषण अपर्याप्त सार्वजर्वनिक परिवहन, राड़क सुरक्षा, और सड़क जाम इत्यादि, सतत आवागमन (सस्टेनेबल मोबिलिटी) के क्षेत्र में अपने प्रयासों के तहत, सार्वजनिक बस परिवहन में सुधार, पैदल, साइकिल और बिना–मोटर वाले आवागमन के अन्य साधनों के लिए बुनियादी सुविधाएं, वाणिज्यि वाहनों के विद्युतीकरण, और लो–एमिशन जोन बनाने जाने जैस मुख्य क्षेत्रों में काम किया जा रहा है।

वर्तमान में शहरी बस परिवहन व्यवस्था में सुधार के क्षेत्रों में अधिक काम किया जा रहा है। उक्त विषय को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसके अतंर्गत शहरों के विभिन्न संस्थानों में परिवहन व्यवस्था की योजनाएं बनाने और उसका प्रबधंन करने में लगे अधिकारियो को प्रशिक्षित किया जाना महत्वपूर्ण होगा।

इस हेतु एक दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन दिनॉक **19 अक्टूबर, 2022** को **प्रातः 10.00 बजे से क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर, रजिस्ट्रार ऑफिस के समीप, गेट नं0 – 1, स्थित सभागार कक्ष में** आयोजित किया जायेगा।

इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु अपने अधिनस्त उपरोक्त विषय से सम्बन्धित 2–3 अभियन्ताओं को नामित करने एवं प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

क्रमशः............

Office : Adjacent Registrar's Office, Lucknow University Campus, Lucknow, Uttar Pradesh-226007
Telefax : 0522-2740165, 2740108 | **E Mail :** ad.rcueslko@gmail.com | **Website :** www.rcueslucknow.org
Residence : C.P. 102– B Block, Near St. Dominic School, Indira Nagar, Lucknow Uttar Pradesh- 226016
Mobile : +91-7839470399, +91-9044319979

इस कार्यक्रम के दौरान भोजन इत्यादी की व्यवस्था केन्द्र के द्वारा निःशुल्क प्रदान की जायेगी तथा यात्रा पर होने वाला व्यय सम्बन्धित विभागों द्वारा वहन किया जायेगा।

कार्यक्रम के सम्बन्ध में अधिक जानकारी श्री हिमांशू चन्द्रा, सहायक निदेशक, मोबाइल नं0 – 9839328878 ईमेल आईडी– himanshu.rcueslko@gmail.com द्वारा प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त पत्र की प्रतिलिपि केन्द्र की वेबसाइट www.rcueslucknow.org पर उपलब्ध है। सम्बन्धित पत्र को उपरोक्त वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय

(ए0के0 गुप्ता)